ई-मेल आई डी: addldirector.cbse@gmail.com

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षा केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092

अ.नि.(व्याव.शि.)./केमाशिबो /2015 **दिनांक: 7 जुलाई, 2015**

परिपत्र संख्या 37, 2015

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध

सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए (जहाँ व्यावसायिक विषय संचालित हैं)

विषय : 15 जुलाई, 2015 को 'विश्व कौशल दिवस' मनाना

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,

सूचित किया जाता है कि **'विश्व कौशल दिवस'** 15 जुलाई, 2015 को मनाया जाएगा। उसी दिन **'स्किल इन्डिया मिशन'** को औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा। कौशल विकास और उद्यमिता पर राष्ट्रीय नीति 2015 का शुभारम्भ तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को भी औपचारिक रूप से लागू किया जाएगा।

उपरोक्त के परिपेक्ष्य में अनुरोध किया जाता है कि आप 15 जुलाई 2015 को अपने विद्यालय में उपयुक्त ढंग से कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व कौशल दिवस समारोह का आयोजन करें।

कौशल शिक्षा के विकास हेतु, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के माध्यम से आपके द्वारा उस दिन आयोजित कार्यक्रम की रिकार्डिंग की जाए तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को प्रेषित किया जाए।

भवदीय,

एम०वी०वी०प्रसादा राव

निदेशक(व्याय.शि. एवं एडुसेट)